प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ की अहम बैठक।
2. उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यूपीटीईटी–2026 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न : 88 फीसदी अभ्यर्थी हुए परीक्षा में शामिल।
3. प्रदेश सरकार ने राजस्व से जुड़े सार्वजनिक भूमि के मामलों के लिए लागू की नई व्यवस्था : लखनऊ और प्रयागराज में गठित तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी वादों की सुनवाई। और
4. कानपुर और टूंडला में भारी बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित : मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा का जताया अनुमान।

——————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नबीन आज दो दिवसीय दौरे पर पहली बार लखनऊ पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ भी बैठक की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने लखनऊ एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान भी उपस्थित रहे। इसके बाद श्री नबोन ने एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक रोड शो किया। इस दौरान जगह जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने स्वागत के लिए प्रदेश वासियों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश की धरती लखनऊ की इस पवित्र भूमि को मैं नमन करता हूं। लखनऊ की धरती पर लोगों ने मुझे अभिमान दिया। मैं भारतीय जनता पार्टी और पूरे लखनऊ के लोगों का अभिनंदन करता धन्यवाद करता हूं।*

अपने दो दिवसीय लखनऊ दौरे पर श्री नबोन विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपने दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासों से 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट से सफलतापूर्वक उबरने में कामयाब रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर समय रहते निर्णय लिए, उभरते संकट का सटीक आकलन किया, प्रभावी रणनीति तैयार की और देश के संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि

कूटनीति और रणनीतिक उपायों से देश ने इस संकट का सफलतापूर्वक सामना किया। श्री मोदी ने आज राजस्थान में भारत का पहला ग्रीन फील्ड एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। बाइट.....

*पश्चिमी एशिया में युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में हाहाकार मचा। हर देश त्रस्त है। इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। बड़े–बड़े देश आज इंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं। लेकिन साथियों, 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर 21वीं सदी के नए भारत की इच्छाशक्ति और भारत के प्रयास इस संकटों पर भारी पड़े हैं।*

——————

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने आज बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक ब़ुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सत्र राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णयों पर केंद्रित होगा।

——————

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को अपने सदस्यों की बैठक बुलाई है, जिसमें ट्रस्ट को प्राप्त दान की जांच कर रहे विशेष जांच दल– एसआईटी के निष्कर्षो सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय मामलों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। 28 जून, 2026 को जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, यह बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष की स्वीकृति से कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देवगिरि द्वारा बुलाई गई है। बैठक की कार्यसूची में महासचिव चंपत राय

और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा द्वारा दिए गए त्यागपत्रों पर विचार किया जाना शामिल है। बैठक में भविष्य में राम मंदिर के प्रबंधन से संबंधित व्यवस्था पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

वहीं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने आज महोबा में श्री राम मंदिर चढ़ावा मामले में कहा कि जांच निष्पक्ष तरीके से चल रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बाइट.....

*राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बना है वह अच्छी व्यवस्था है। यदि कोई गड़बड़ी की है तो मेरा इतना ही कहना है कि उसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए।*

—————————

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यूपीटीईटी–2026 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। लिखित परीक्षा 02 व 03 जुलाई को दो–दो पाली तथा आज एक पाली में समाप्त हुई। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार परीक्षा में 88 दशमलव सात सात फीसदी अभ्यर्थियों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों को सघन निगरानी की गई। परीक्षा प्रदेश के 60 जनपदों के 955 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान 44 फर्जी अभ्यर्थी

भी पकड़े गये। परीक्षा के सफल संचालन के लिये आयोग ने जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुलिस और एसटीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज जन भवन में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन भारत की सनातन चेतना का एक जीवंत प्रकाश–स्तंभ है।

———————

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद ने सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए एक अहम निर्णय लिया है। इसके तहत अब

आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ द्वारा की जाएगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा–9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई व्यवस्था लागू की गयी है। नई व्यवस्था के अनुसार इन मामलों पर विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ सामूहिक रूप से विचार करेगी। परिषद की अध्यक्ष ने बताया कि राजस्व परिषद ने लखनऊ और प्रयागराज दोनों न्यायालयों के लिए अलग–अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी। वहीं एक अन्य पहल के तहत राजस्व परिषद के न्यायालयों द्वारा किसी वाद में अभिलेख तलब किए जाने पर सामान्यतः मूल अभिलेखों के स्थान पर संबंधित अधीनस्थ न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराई गई 'प्रमाणित पूर्ण स्कैन प्रति  के आधार पर ही न्यायिक कार्यवाही की जाएगी। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

व्यापक पायरेसी की खबरों को देखते हुए केन्द्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। सरकार ने टेलीग्राम को पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्लेटफॉर्म को 15 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा गया है। इस कदम का उद्देश्य भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था, फिल्म उद्योग,

प्रसारकों, ओटीटी प्लेटफॉर्म, निर्माताओं और वितरकों की रक्षा करना है।

——————————

तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2026 के द्सरे दिन आज जन भवन, लखनऊ में मैंगो बायर–सेलर मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उद्यान राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आम निर्यातकों और आम उत्पादकों के मध्य एमओयू भी हुए। इस अवसर पर उद्यान मंत्री ने कहा कि योगी सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की समृद्धि के लिए हर स्तर पर काम हो रहा है। बाइट.....

*उद्यान विभाग के माध्यम से हम राज्य के किसानों की समृद्धि का जो सपना देखे हैं वह आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हम साकार कर रहे हैं। दुनिया के बाजारों में हमारी औद्योगिक फसलें आज पहुंच कर रही हैं और जब से हमारे यहां जेवर एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गए हैं। हमारे राज्य के आंगन के किसानों का मनोबल बढ़ेगा, उनकी समृद्धि बढ़ेगी। ऐसा प्रयास हमारी सरकार का होगा।*

महात्सव के दूसरे दिन आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विज्ञान विभाग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों और प्रदेशभर से आये प्रगतिशील आम उत्पादक किसानों के बीच एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।

——————————

प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित राज्य के कई जिलों में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। बीते 24 घंटों में कानपुर और आज सुबह टूंडला में हुई भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले तीन दिनों तक गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जताया है।

(समाप्त)